<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक – 19.06.2026 (सुबह – 0830 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज 2 हजार 4 सौ करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि का करेंगे वितरण, रांची और बोकारो में भी आयोजित होंगे कार्यक्रम।

2. मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने नव निर्वाचित राज्यसभा सांसद बैद्यनाथ राम को दी बधाई, जीत के बाद परिमल नाथवानी पहुंचे भाजपा प्रदेश कार्यालय मनाया गया जश्न।

3. राज्य के पुलिस थानों में सीसीटीवी नहीं लगाने पर हाईकोर्ट सख्त, मुख्य सचिव और गृह सचिव को आदेशों का गंभीरता से पालन करने का निर्देश।

4. रांची, खूंटी और झारखंड के कई जिलों में आज सुबह से हो रही है बारिश, मौसम विभाग ने वज्रपात की आशंका को देखते हुए 14 जिलों में जारी किया आरेंज अलर्ट।
5. 12वीं नेशनल रोलर स्केटिंग रैंकिंग चैंपियनशिप 2026 में झारखंड के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, 2 स्वर्ण, 3 रजत और 5 कांस्य सहित कुल 10 पदक किए अपने नाम ।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में पीएम विकसित भारत रोजगार योजना के अंतर्गत 2 हजार 4 सौ करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित करेंगे। श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने बताया कि अगस्त 2025 से शुरू हुई इस योजना के अंतर्गत अब तक 63 लाख से अधिक कर्मचारियों को औपचारिक कार्यबल में शामिल किया गया है, जिनमें लगभग 30 प्रतिशत महिलाएं हैं। झारखंड में इसके प्रादेशिक कार्यक्रमों की भव्य तैयारी है। रांची के डोरंडा स्थित शौर्य सभागार में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ मुख्य अतिथि होंगे, जबकि बोकारो स्टील लिमिटेड के सभागार में होने वाले कार्यक्रम में सांसद ढूल्लू महतो शिरकत करेंगे।

******************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से नव निर्वाचित राज्यसभा सांसद बैद्यनाथ राम ने शिष्टाचार मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उन्हें राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि वे उच्च सदन में झारखंड के जनहित, विकास और जनभावनाओं से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाएंगे। इस अवसर पर बैद्यनाथ राम ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

******************

इधर, जीत के बाद भाजपा समर्थित उम्मीदवार परिमल नाथवानी ने भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचकर नेता प्रतिपक्ष बाबू लाल मरांडी से मुलाकात की। बाबू लाल मरांडी ने कहा कि परिमल नाथवानी ने झारखंड में अपनी एक अलग साख और विश्वास बनाया है। इस मौके पर भाजपा कार्यालय में उनकी जीत पर जश्न मनाया गया।

******************

धनबाद में 'मोदी सरकार के 12 वर्ष बेमिसाल' कार्यक्रम के तहत आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन सांसद ढुल्लू महतो ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं।

******************

झारखंड हाइकोर्ट ने पुलिस हिरासत में बेरहमी से पिटाई करने के मामले में स्वतः संज्ञान से दर्ज जनहित याचिका पर सुनवाई की। चीफ जस्टिस एमएस सोनक और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने पूछा कि राज्य में पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरे क्यों इंस्टॉल नहीं किये जा रहे है। कोर्ट ने कहा मुख्य सचिव और गृह

सचिव इस तरह के मामलों में कोर्ट के पारित आदेश को गंभीरता से लें, अन्यथा संबंधित अधिकारी के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई हो सकती है।

******************

केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल रांची में शहरी क्षेत्रों में बिजली विभाग की प्रगति की समीक्षा करेंगे। वे स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के तहत आयोजित स्वच्छता सर्वेक्षण सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए आयोजित बैठकों में भी भाग लेंगे।

******************

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर राज्यभर में तैयारियां जोर–शोर से चल रही हैं। चाईबासा जिले में भी कई जगह योग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक राजेन्द्र सालुजा ने कहा कि स्वस्थ और निरोग जीवन के लिए योग को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना जरूरी है।

******************

आदित्यपुर नगर निगम में नए नगर आयुक्त के रूप में एजाज अनवर ने पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद श्री अनवर ने कहा कि निगम क्षेत्र का समग्र विकास उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने बताया कि विकास कार्यों की शुरुआत साफ–सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने से की जाएगी।

******************

पलामू के पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी ने क्राइम मीटिंग के बाद बताया कि जिले में भू–माफियाओं और अवैध भूमि कारोबार के खिलाफ अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने थाना प्रभारियों को ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

******************

रांची सहित झारखंड के कई जिलों में आज सुबह से बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में दिनभर बादल छाए रहने तथा हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार रांची, खूंटी और आसपास के क्षेत्रों में 50 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। इन इलाकों में वज्रपात की आशंका को देखते हुए रांची सहित 14 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

******************

रांची के हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित द्वितीय साउथ एशियन थ्रोबॉल चैंपियनशिप 2026 का कल भव्य समापन हुआ। महिला वर्ग के फाइनल में भारत ने बांग्लादेश को सीधे सेटों में 25–23 और 25–14 से हराकर खिताब अपने नाम किया। वहीं पुरुष वर्ग के रोमांचक फाइनल में भारत ने श्रीलंका को 2–1 से पराजित कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।

******************

रांची में आयोजित 12वीं नेशनल रोलर स्केटिंग रैंकिंग चैंपियनशिप 2026 में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 स्वर्ण, 3 रजत और 5 कांस्य सहित कुल 10 पदक अपने नाम किए। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर झारखंड रोलर स्केटिंग एसोसिएशन ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे राज्य के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया।

******************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित अधिकांश अखबारों ने राज्यसभा चुनाव में झारखंड में हुए बड़े उलेटफेर की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर लिखता है– राज्य में एक बार फिर क्रास वोटिंग, झामुमो की जीत, महागठबंधन का प्रणव हारा।

प्रभात खबर की सुर्खी है– राज्य सभा चुनाव में मिली हार का कांग्रेस पार्टी करेगी गठबंधन की समीक्षा।

हिंदुस्तान ने लिखा है– रांची में संघ कार्यालय पर हमले के आरोपियों के संबंध पाकिस्तान से।

दैनिक जागरण ने राज्य में वज्रपात से बच्ची समेत पांच की मौत की खबर को पहले पन्ने को सुर्खी बनायी है।

*******************